आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

# विजयादशमी असत्य पर सत्य की जीत का त्योहार: सेवांग नामग्याल

## बीएसएफ अकादमी टेकनपुर में दशहरे पर किया गया शस्त्र पूजन

**डबरा।** विजयादशमी का त्योहार, असत्य पर सत्य और धर्म की जीत का त्योहार है। यह सच्ची वीरता को दर्शाता है। इसे एकता और समर्पण के भाव के साथ मनाया जाना चाहिए। यह बात बीएसएफ अकादमी के अपर महानिदेशक सेवांग नामग्याल ने कही। टेकनपुर स्थित बीएसएफ अकादमी में शनिवार को विजयादशमी के पर्व पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अपर महानिदेशक नामग्याल ने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की व परंपरागत रूप से शस्त्र पूजन किया। शस्त्र पूजन के बाद, श्री नामग्याल ने देश की सुरक्षा, समृद्धि और शांति के लिए मंगलकामनाएं की और अकादमी के अधिकारियों एवं जवानों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान अकादमी के कई अधिकारी जवान मौजूद थे व सभी ने पूजन में भाग लिया।



बीएसएफ अकादमी में शस्त्र पूजन करते अपर महानिदेशक।

डबरा पत्रिका SUNDAY
पत्रिका . ग्वालियर, रविवार, 13 अक्टू
भितरवार. पिछोर. चीनोर. आंतरी, बिलौआ. घाटीगांव मोहना, बरई



## बीएसएफ में पूजे शस्त्र

सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में विजयदशमी पर एक विशेष पूजा-अर्चना और शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। सेवांग नामग्याल, अपर महानिदेशक एवं निदेशक सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर ने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की व परंपरागत रूप से शस्त्र पूजन भी किया।